Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to continue National Programme for Prevention & Control of Cancer, Diabetes, Cardiovascular Disease & Stroke (NPCDCS) projects in community centres in Khiri-Lakhimpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्ष जी, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने 2016 में मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी में पहला एनपीसीडीसीएस प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य था कि कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक आदि गंभीर रोगों की रोकथाम एवं उपचार हो। उस क्रम में उन्होंने हमारे जिले के सभी 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में योग के शिक्षक और आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की थी, जिनके कारण उन्होंने लगतार सामुदायिक केन्द्रों के साथ नीचे उतर कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक और जागरूकता कैंपों के माध्यम से इन रोगों के प्रति जागरूकता भी पैदा की, जिससे हमारे जिले में रोकथाम के अवसर मिले। उस क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान ने थर्ड पार्टी के रूप में उस उक्त प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था और उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लखीमपुर के उस प्रोजेक्ट की सराहना भी की। उसके साथ-साथ यह भी बताया कि इस समय के दौरान लगभग 5 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई और उन लोगों की काउंसिलिंग करके उनको जागरूक किया गया। उक्त प्रोजेक्ट से कोविड-19 के संक्रमण को रोकने में भी मदद मिली है।

माननीय अध्यक्ष जी, अभी यह जानकारी आ रही है कि लखीमपुर जनपद से उस उक्त प्रोजेक्ट को हटाया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय आयुष मंत्री जी और भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि उक्त एनपीसीडीसीएस प्रोजेक्ट को सभी सामुदायिक केन्द्रों पर जारी रखने की कृपा की जाए।